हिंदी में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

जासं, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) में शुक्रवार को हिंदी पखवारे के समापन पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। संस्थान के एनी बेसेंट व्याख्यान कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि हिंदी विभाग के प्रो. अवधेश प्रधान ने कहा कि हिंदी भाषा के उत्थान के लिए जरूरी है कि इसे राजनीति से दूर रखा जाए। इस दौरान हिंदी पखवारा के तहत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह के दौरान हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए राजेश प्रसाद, आरती गुप्ता व शिशिर कुमार को सम्मानित किया गया। स्वागत आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो. सुशांत कुमार श्रीवास्तव, संचालन सहायक कुलसचिव गंगेश शाह व धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त कुलसचिव राजन श्रीवास्तव ने किया।

हिंदी में ही करें प्रशासनिक कार्य : काशी हिंदू विश्वविद्यालय के केंद्रीय कार्यालय स्थित समिति कक्ष

हिंदी दिवस

में शुक्रवार को हिंदी दिवस समारोह आयोजित हुआ। अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलसचिव डा. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि हम अपने प्रशासनिक कार्य हिंदी में ही करें।

हिंदी का हिमालय थे भारतेंदु हरिश्चंद्र: सूबे के विधि, न्याय, खेल, युवा कल्याण और सूचना राज्य मंत्री डा. नीलकण्ठ तिवारी ने कहा कि भारतेंदु हरिश्चंद्र को हिंदी का हिमालय कहा जाता है। वह आधुनिक हिंदी के जन्मदाता था। वह गुरुवार को हरिश्चंद्र इंटर कालेज में संस्थापक भारतेंदु हरिश्चंद्र की 168वीं जयंती पर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

काव्य संध्या के रूप में मना हिंदी दिवस : काशी हिंदू विश्वविद्यालय स्थित महिला महाविद्यालय में हिंदी दिवस को 'काव्य संध्या' के रूप में मनाया गया। प्रो. रिफत जमाल, प्रो. आभा मिश्रा पाठक, अंजली मिश्रा, सलजन कुमारी महतो आदि ने काव्य पाठ कर श्रोताओं को विभोर किया। अध्यक्षता प्रो. पुष्पा अग्रवाल, स्वागत प्रो. सुमन जैन व धन्यवाद ज्ञापन डा. उर्वशी गहलौत ने किया।

हिंदी में समाहित संस्कार और सरोकार : हिंदी दिवस पर शुक्रवार को विभिन्न संस्थाओं की ओर से अलग-अलग स्थानों पर गोष्ठी व सभाएं की गईं। इनमें हिंदी के सम्मान व उत्थान की दिशा में सदा कार्य करने का संकल्प जताया गया। स्थानीय दूरदर्शन केंद्र में राजभाषा पखवाड़ा का दिवस विशेष पर समापन किया गया। समारोह में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ पत्रकारिता संस्थान के पूर्व निदेशक प्रो. राममोहन पाठक मुख्य अतिथि थे।

रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार महारानी बनारस महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें काशी विद्यापीठ हिंदी विभाग के प्रो. रामाश्रय यादव मुख्य अतिथि थे।